प्रेस नोट

दिनांक 27.10.2026

जनपद मऊ।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर स्टार लगाकर दी गई हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आज दिनांक 27.10.2026 को पुलिस कार्यालय मऊ में पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा उपनिरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह, प्रभारी एसओजी को उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मऊ ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे अपने नवीन पद के दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ करते हुए पुलिस विभाग की गरिमा एवं जनसेवा के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करेंगे।

उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का सम्मान: आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर आउट ऑफ़ टर्न प्रमोशन

मऊ जनपद में तैनात कुशल खिलाड़ी आरक्षी सुनील कुमार को 'बिना पारी प्रोन्नति नियमावली' के अंतर्गत आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर आउट ऑफ़ टर्न प्रमोशन प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन: सुनील कुमार ने 19 जनवरी से 23 जनवरी, 2026 तक सशस्त्र सीमा बल, सिलीगुड़ी में आयोजित '2nd All India Police Handball Cluster 2025-26' की हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस का प्रतिनिधित्व करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर देश भर में प्रदेश का मान बढ़ाया था।

इस शानदार सफलता पर पुलिस अधीक्षक श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में मुख्य आरक्षी सुनील कुमार को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

जनपद मऊ डायल 112 में नियुक्त आरक्षी ने उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक खेल प्रतियोगिता 2026 में तृतीय व 74 वी अन्तरजनपदीय हॉकी महिला पुरुष प्रतियोगिता 2026 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा किया गया सम्मानित-

आज दिनांक 27.10.2026 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में, डायल 112 में नियुक्त आरक्षी चन्द्रहास द्वारा दिनांक 16.09.2026 को 10 वाहिनी पीएसी बाराबंकी में आयोजित 04 दिवसीय 74 वी उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक हॉकी (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता 2026 में तृतीय स्थान व दिनांक 24.07.2026 को रिर्जव पुलिस लाइन मऊ में आयोजित 03 दिवसीय 74 वी अन्तर्जनपदीय हॉकी महिला/पुरुष प्रतियोगिता वाराणसी जोन 2026 में प्रथम स्थान/पदक प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुये शुभकामनाएं दी गयी।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 01 अभियुक्त को न्यायालय उठने तक की सजा व 1100/- रुपये के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिलाधिकारी मऊ व पुलिस अधीक्षक मऊ के पर्यवेक्षण में अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक- 27.10.2026 को चिन्हित मु0अ0सं0 50/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ से सम्बन्धित दोषी अभियुक्त राजेश चौहान पुत्र शिवबचन चौहान निवासी ग्राम चरया थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर को मा0 न्यायालय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, जनपद मऊ द्वारा न्यायालय उठने तक की सजा व 1100/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थ दंड अदा करने पर 07 दिवस का साधारण कारावास से दण्डित किया जायेगा।

ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 09 अभियुक्तों को 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व प्रत्येक को 10,500/- रुपये के अर्थदण्ड से कराया गया दण्डित

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिलाधिकारी मऊ व पुलिस अधीक्षक मऊ के पर्यवेक्षण में अभियोजन विभाग की समन्वित प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप दिनांक- 27.10.2026 को चिन्हित मु0अ0सं0 313/2017 धारा 34,147,149, 304, 308,323,325,504 भादवि0 थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ से सम्बन्धित दोषी अभियुक्तगण 1. प्रभु चौहान पुत्र स्व0 कांता चौहान 2. उमा चौहान पुत्र स्व0 कांता चौहान 3. मल्लू

चौहान पुत्र स्व0 अतरू चौहान 4. प्रेम चौहान पुत्र मल्लू चौहान 5. वीरेंद्र चौहान पुत्र बैजनाथ चौहान 6. चंदन चौहान पुत्र प्रभु चौहान 7. कपिल चौहान पुत्र मल्लू चौहान 8. मनीष चौहान पुत्र बलिराम 9. राजकुमार चौहान पुत्र मल्लू चौहान समस्त निवासीगण ग्राम ढ़ाढाचवर थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ को मा0 न्यायालय एएसजे-2 कोर्ट, जनपद मऊ द्वारा प्रत्येक को 07 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व प्रत्येक को 10,500/- रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थ दंड अदा करने पर 01 वर्ष का सश्रम कारावास से दण्डित किया जायेगा।